हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 20 सितंबर 2025
[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]



**खबर संक्षेप**

### जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति बैठक 25 को

**महासमुंद।** जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय रिव्यू समिति की बैठक 19 सितंबर को निर्धारित की गई थी। जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है। अब बैठक गुरुवार 25 सितंबर को शाम 4.30 बजे जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। बैठक में सभी बैंकर्स एवं विभागीय अधिकारियों को निर्धारित तिथि में समय पर अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### नशामुक्त भारत मैराथन का आयोजन 23 को

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव, सेवा पखवाड़ा 2025 अंतर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। जिसके तहत 21 सितंबर को निर्धारित कार्यक्रम में संशोधन करते हुए नशामुक्त भारत मैराथन का आयोजन 23 सितंबर 2025 को प्रातः 7 बजे से शासकीय बहू दिव्यांग विशेष विद्यालय खैरा महासमुंद से कलेक्ट्रेट महासमुंद तक किया जाएगा। उपसंचालक समाज कल्याण संगीता सिंह ने कार्यक्रम में अधिक से अधिक दिव्यांगजनों, वरिष्ठ जनों, स्कूली एवं महाविद्यालय दिव्यांग छात्र-छात्राओं को सम्मिलित होने अपील की है।

### प्रवेश के लिए 23 सितंबर तक आवेदन आमंत्रित

**महासमुंद।** जवाहर नवोदय विद्यालय संगठन द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं एवं 11वीं में रिक्त सीटों पर लेटरल एंट्री टेस्ट के माध्यम से प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 23 सितंबर 2025 निर्धारित की गई। चयन परीक्षा का आयोजन 07 फरवरी 2026 को किया जाएगा। प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय सरायपाली ने बताया कि केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को जिला स्तरीय मेरिट में शामिल किया जाएगा, जिसका निवास एवं अध्ययन जिला समान हो।

### नर्मदेश्वर महादेव मंदिर परिसर, बाजार चौक में सफाई अभियान चला

**कोर्रा(भखारा)।** कोर्रा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया। इस अवसर पर गांव में विभिन्न कार्यक्रम हुए।अस्पताल में मरीजों को फल बांटे गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवाओं पर जानकारी दी गई। कोर्रा स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर और बाजार चौक में सफाई अभियान चलाया गया।

# लामीडीह में मनाई गई विश्वकर्मा जयंती, लोक नृत्यों और गीतों से गूंजा सांस्कृतिक मंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत बनाने वाले ग्राम पंचायत लामीडीह में विश्वकर्मा जयंती का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जनपद उपाध्यक्ष मुकेश यादव, कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत सभापति महासमुंद सीटू सलूजा एवं विशिष्ट अतिथि ग्राम पंचायत के सरपंच कमला दीवान, पूर्व सरपंच दुलारे यादव, गुलाब राम लोधी, खूब चंद साहू, ठाकुर राम साहू, आर्यन दुबे एवं लखन निर्मलकर मंचस्थ रहे।

सर्वप्रथम भगवान विश्वकर्मा के जन्मोत्सव पर आयोजित भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम में ग्रामवासियों ने अपनी प्राचीन परंपराओं को निभाते हुए मशीनों, औजारों और कार्यस्थलों की पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापना और पूजा से हुई। छत्तीसगढ़ी रीति-रिवाजों के अनुरूप, सुबह से ही ग्रामवासियों ने अपने हथियारों, मशीनों और वाहनों की सफाई की तथा रोली, अक्षत, फल-फूल और मिठाई से उनकी आरती उतारी। ॐ विश्वकर्मणे नमः मंत्र का जाप करते हुए प्रसाद वितरण किया गया, जो छत्तीसगढ़ के ग्रामीण जीवन की सादगी और श्रद्धा को दर्शाता है। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या में छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक परंपराओं का अनूठा प्रदर्शन हुआ।



मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जनपद उपाध्यक्ष मुकेश यादव ने अपने उद्बोधन में कहा, भगवान विश्वकर्मा हमें सिखाते हैं कि श्रम ही सृजन का आधार है। छत्तीसगढ़ जैसे राज्य में, जहां कारीगर और किसान हमारी रीढ़ हैं, हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखते हुए आधुनिक विकास की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। ग्रामीण स्तर पर ऐसे आयोजन हमारी एकता और सांस्कृतिक जड़ों को मजबूत करते हैं। उनका यह संदेश सुनकर ग्रामवासी आनंदित हो उठे और तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा पंडाल गूंज उठा।

मुकेश यादव ने युवाओं को लोक कलाओं के संरक्षण के लिए प्रेरित किया तथा ग्राम विकास योजनाओं में सहयोग का आह्वान किया, जिससे कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों में नई ऊर्जा का संचार हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत सभापति सीटू सलूजा ने की, जिन्होंने कहा कि ऐसे उत्सव ग्रामीण भारत की आत्मा को जगाते हैं। विशिष्ट अतिथियों में ग्राम पंचायत सरपंच कमला दीवान, पूर्व सरपंच दुलारे यादव, गुलाब राम लोधी, खूब चंद साहू, ठाकुर राम साहू, आर्यन दुबे एवं लखन निर्मलकर मंचासीन रहे। इन अतिथियों ने संयुक्त रूप से पूजा का शुभारंभ किया और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन स्थानीय कलाकारों ने किया। धन्यवाद ज्ञापन ग्राम पंचायत सरपंच ने किया। इस दौरान राज मिस्त्री समिति के श्यामलाल नागवंशी कमल रावत, मिथुन चक्रधारी, मिलेराम, रमेश नागवंशी, मानसिंग ध्रुव, पवन नागवंशी, चूरावन, कमलेश साहू, भूपेंद्र साहू, मनहरण साहू, मूलराज नागवंशी, अनुज नागवंशी, पुरुषातम रावत अशोक, रामनाथ नागवंश, जगेश्वर बरिहा, हरिशंकर रावत समेत ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सिरबोड़ा-पलसापाली नाले पर पुल निर्माण के लिए 7.52 करोड़ मंजूर

## सरायपाली विधायक चातुरी नंद की पहल लाई रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)

सरायपाली विधायक चातुरी नंद के प्रयासों से आखिरकार लंबे अरसे बाद सिरबोड़ा–पलसापाली के मध्य (सुरंगी नाला ) पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण के लिए 7.52 करोड़ रुपए से अधिक की स्वीकृति लोक निर्माण विभाग से मिली है। सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सिरबोड़ा से पलसापाली के मध्य स्थित पलसापाली नाला (सुरंगी नाला) पर उच्चस्तरीय पुल और मार्ग निर्माण की मांग ग्रामीण लंबे समय से कर रहे थे। बरसात के मौसम में यह नाला उफान पर आ जाने से आसपास के दर्जनों गांवों का बुरी तरह से प्रभावित होता था। स्कूली बच्चों, बीमार मरीजों, किसानों और आमजनों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता था। कई बार जान-माल की हानि की स्थिति भी बन जाती थी। वर्षों पुरानी इस मांग को पूरा करने के लिए विधायक चातुरी नंद ने लगातार शासन और विभागीय स्तर पर अनुशंसा की। उनके अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप अब लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 752.25 लाख रुपए (सात करोड़ बावन लाख रुपए) की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस पुल के बन जाने से न केवल ग्रामीणों की दैनिक आवाजाही सुगम होगी, बल्कि क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को भी नई गति मिलेगी। किसानों को अपनी उपज मंडी तक पहुँचाने में सहूलियत होगी, विद्यार्थियों का आवागमन सुरक्षित रहेगा और व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।



मीडिया को जानकारी देते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि ₹यह पुल क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग थी। बरसात के दिनों में ग्रामीणों को जिन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, उन्हें मैंने स्वयं देखा और अनुभव किया है। इस कारण मैंने इसे अपनी प्राथमिकता में शामिल किया और निरंतर शासन-प्रशासन से इस दिशा में पहल की। मुझे खुशी है कि मेरे प्रयासों से अब इस पुल का निर्माण होने जा रहा है। यह कार्य हजारों ग्रामीणों के जीवन को सरल बनाएगा, बच्चों की पढ़ाई और किसानों की आजीविका को सुरक्षित करेगा। जनता की बुनियादी जरूरतों को पूरा करना ही मेरा सबसे बड़ा संकल्प है और इस दिशा में आगे भी कार्य करता रहूँगी।₹ ग्रामीणों ने इस स्वीकृति को क्षेत्र की ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए विधायक चातुरी नंद के प्रति आभार व्यक्त किया है। विदित हो कि सरायपाली विधायक चातुरी नंद जमीनी से जुड़ी नेत्री है और वे क्षेत्र में लगातार छोटी से लेकर बड़ी समस्याओं के निराकरण हेतु सदन से सड़क तक आवाज उठा रही है। उनके प्रयासों से पूर्व में भी कई सड़क और पुल पुलिया के निर्माण के लिए राज्य शासन की ओर से करोड़ों रुपए की स्वीकृति प्राप्त हुई है।

# बानीगिरोला स्कूल में किया गया निःशुल्क साइकिल वितरण

**सरायपाली।** शासन की महत्वपूर्ण योजना निःशुल्क सरस्वती साइकिल के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कामता पटेल सदस्य पिछड़ा वर्ग कल्याण परिषद एवं छत्तीसगढ़ शासन एवं भाजपा प्रदेश मंत्री पिछडा वर्ग मुख्य आतिथ्य में 28 छात्राओं को निशुल्क सरस्वती साइकिल का वितरण किया गया।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथि कामता पटेल, शिवचरण पटेल जनपद सदस्य, लक्ष्मी प्रसाद पटेल शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष, अनंत कुमार पटेल मंडी अध्यक्ष, सावित्री भुवनेश्वर दास सरपंच बानीगिरोला, वीरेंद्र पटेल उपसरपंच प्रकाश पटेल, दुतिया पटेल व उपस्थित अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चन की गई। पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा पुष्प गुच्छ से एवं शिक्षण स्टाफ द्वारा बैच लगाकर सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। सर्वप्रथम संस्था प्रमुख द्वारा संस्था की महत्वपूर्ण उपलब्धि व अन्य गतिविधियों के बारे में बताया गया तथा समस्या के तहत साइकिल स्टैंड की भी मांग रखी गई। उद्बोधन में मुख्य अतिथि कामता प्रसाद पटेल द्वारा विद्यालय प्रबंधन एवं समस्त स्टाफ की प्रशंसा की गई तथा छात्र-छात्राओं को शासन के द्वारा दी जा



रही साइकिल की उपयोगिता अपने दैनिक स्कूल आने-जाने में ही करने की बात कही तथा स्कूल में दिए जा रहे समस्त गृह कार्य को समय में पूर्ण करने तथा मन लगाकर पढ़ने की बात कही। आगे आने वाले समय में अच्छे पदों पर आसीन होकर अपने मां-बाप अपने ग्राम व बानीगिरोला स्कूल का नाम रोशन करने की बात कही। नशामुक्ति दिवस पर उपस्थित अतिथि अनंत कुमार पटेल द्वारा समस्त छात्र-छात्राओं को नशा उन्मूलन की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा बहुत ही मनमोहन गीत नृत्य प्रस्तुत किए गए तथा नशा उन्मूलन को लेकर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। जिसमें नशे से दूर रहने की बात कही गई। कार्यक्रम में संस्था के शिक्षक अभिमन्यु चौधरी, त्रिलोचन बाघ, मुकेश कुमार चौधरी, प्रज्ञा शर्मा, नेहा ओगरे, अंकित साहू, धर्म सागर पटेल, सावित्री बरिहा, किशन चौहान तथा आश्रित नूनपानी, चकरदा, कोकड़ी, जम्हारी, केंदुमुड़ी, बानीगिरोला एवं बैदपाली के पालकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संकुल समन्वयक पाल सिंह बंजारे द्वारा किया गया।

### राजनीति विज्ञान परिषद की हसीना अध्यक्ष व शारदा सचिव

**सरायपाली।** वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय शासकीय महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान परिषद का गठन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संध्या भोई के निर्देशन और यूके बरिहा विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान के मार्गदर्शन में परिषद का गठन हुआ। परिषद के पदाधिकारी में अध्यक्ष हसीना बघेल, उपाध्यक्ष नीता साहू, सचिव शारदा चौरसिया, सहसचिव अविनाश दास और कोषाध्यक्ष पायल साहू चुने गए। कार्यकारिणी सदस्यों में अंजलि नाग, साहेबा बानो, प्रज्ञा दास, मनीष चौहान, पार्वती रात्रे, नीलिमा धवल, पुष्पांजलि पटेल, शिवानी प्रधान और टेकचंद यादव को शामिल किया गया। विभागाध्यक्ष यूके बरिहा ने राजनीति विज्ञान परिषद के उद्देश्यों पर अपने विचार व्यक्त किया और वर्तमान समय में राजनीति विज्ञान द्वारा किए जा रहे शोध कार्यों एवं नवाचार गतिविधियों पर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।




### एल्युमनी समिति के निर्विरोध अध्यक्ष बने भोजनाथ

**बागबाहरा।** शासकीय खे.ल.कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय बागबाहरा में समर्पण एल्युमनी एसोसिएशन के आगामी दो वर्षों के लिए पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी का गठन करने के लिए एल्युमनी मीट किया गया। इसमें मुख्य अतिथि लालचंद जैन अध्यक्ष चंडी माता मंदिर ट्रस्ट घुंचापाली बागबाहरा, विशेष अतिथि देवेश साहू उपाध्यक्ष नगरपालिका परिषद बागबाहरा, पुष्पेंद्र चंद्राकर पूर्व अध्यक्ष एल्युमनी समिति एवं अध्यक्षता बीरेंद्र सिंह ठाकुर सहायक प्राध्यापक राजनीति थे। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने एकजुट होकर महाविद्यालय के विकास में अपनी भागीदारी देने का संकल्प लिया। अध्यक्ष पद के लिए भोजनाथ देवांगन के नाम का प्रस्ताव योगेश चिंदा ने किया, जिसका समर्थन पुष्पेंद्र चंद्राकर पूर्व अध्यक्ष एल्युमनी समिति ने किया। इस तरह अध्यक्ष के पद पर निर्विरोध भोजनाथ देवांगन का मनोनयन किया गया। सर्वसहमति से उपाध्यक्ष पुरुष -खोमन लाल साहू, महिला-करुणा राजपूत, सचिव चेतन लाल साहू, सह सचिव जावेद कुरैशी, कोषाध्यक्ष योगेश चिंदा का मनोनयन किया गया। उपस्थित सभी पूर्व छात्रों ने नई टीम के सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए महाविद्यालय के विकास में एक नया कदम बताया। इस अवसर पर आशीष गणत्रा, शिवगोपाल रात्रे, डॉ. कृष्णा कुमार साहू, धनुर्जय साहू, डॉ.खिलावन पटेल, नितिशा बजाज, रमन ठाकुर, लक्की चंद्राकर, चंद्रकांत दीप, समृद्धि तिवारी, संपदा तिवारी उपस्थित थे। कार्यकम का संचालन गजानंद बुडेक संयोजक एल्युमनी समिति सहायक वाणिज्य ने किया।

# दाबपाली में हुआ राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम दाबपाली में राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ हुआ। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ सहित पड़ोसी राज्य ओडिशा के विभिन्न जिलों से आई हुई डांस टीमों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

प्रतियोगिता के शुभारंभ सत्र के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव एवं खल्लारी विधानसभा के वर्तमान विधायक द्वारिकाधीश यादव रहे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं बागबाहरा जनपद पंचायत अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर ने की। कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम देवी-देवताओं एवं मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुई। मंच पर एक-एक कर टीमों ने अपनी प्रस्तुति दी, जिनमें स्थानीय संस्कृति और आधुनिकता का अद्भुत समन्वय दिखाई दिया। अतिथि उद्बोधन मुख्य अतिथि विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि युवा पीढ़ी को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर ऐसे मंचों से मिलता है। डांस केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह हमारी अभिव्यक्ति और संस्कृति का दर्पण भी है। दाबपाली जैसे ग्रामीण अंचल में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन होना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। यह साबित करता है कि गांव अब केवल कृषि और पारंपरिक कार्यों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यहां के युवा कला, खेल और संस्कृति के क्षेत्र में भी अपनी पहचान बना रहे हैं। विधायक ने आगे कहा कि हमारी सरकार और समाज का दायित्व है कि ऐसे प्रतिभावान युवाओं को प्रोत्साहन दें ताकि वे जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचकर अपने क्षेत्र और प्रदेश का नाम रोशन कर सकें।



वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनपद अध्यक्ष एवं प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष केशव नायक रामचंद्राकर ने कहा कि डांस जैसी गतिविधियां युवाओं में आत्म विश्वास, एकाग्रता और सृजनात्मकता को विकसित करती हैं। दाबपाली जैसे ग्रामीण क्षेत्र में इस स्तर का आयोजन होना इस बात का प्रमाण है कि हमारे गांव अब सांस्कृतिक गतिविधियों में भी अग्रसर हैं। यह आयोजन केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि युवा पीढ़ी की सकारात्मक दिशा में भागीदारी का उदाहरण है। उन्होंने यह भी कहा कि "हमें हर युवा की प्रतिभा का सम्मान करना चाहिए और ऐसे अवसर लगातार मिलते रहने चाहिए ताकि गांव से निकलकर प्रतिभाएं अंतरराष्ट्रीय मंचों तक भी पहुंच सकें। कार्यक्रम के दौरान दर्शकों की भारी भीड़ मौजूद रही। छत्तीसगढ़ और उड़ीसा से आए कलाकारों की प्रस्तुतियों पर तालियों की गड़गड़ाहट गूंजती रही। पूरे आयोजन स्थल पर उत्साह और उमंग का माहौल बना रहा। आयोजन समिति और ग्रामवासियों के सामूहिक सहयोग से प्रतियोगिता सफलतापूर्वक हुई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रामलाल सिन्हा, उमेश साहू, एडीशन ठाकुर, नेस पटेल, नील कुमार पटेल, लक्ष्मण पटेल, भारत ध्रुव, अभय राम दीवान, प्रताप ध्रुव, डिगेश्वर मरकाम, जीवन नायक, विनोद मरकाम, राम ध्रुव, देवलाल दीवान, शहजान पाशा, लोकनाथ दीवान, थान सिंह पटेल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि गण, माताएं, बहनें तथा क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आये हुए दर्शकगण उपस्थित रहे।

# गड़बेड़ा हायर सेकंडरी में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत शपथ ग्रहण का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

शहीद प्रमोद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गड़बेड़ा विद्यालय में प्रतिवर्ष की भांति स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा महासमुंद जिले में यह पखवाड़ा 16 सितंबर से 30 सितंबर तक सभी स्कूलों एवं शिक्षण संस्थाओं में आयोजित किया जा रहा है। इसी परिपेक्ष्य में विद्यालय में स्वच्छता के प्रति शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



जिसमें विद्यालय के समस्त स्टॉफ एवं स्कूली बच्चे शामिल हुए।

इस अवसर पर प्राचार्य नंदकुमार चौधरी ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी कार्य नहीं है, यह हर नागरिक का कर्तव्य है इसलिए सभी को इस पुनीत कार्य में हाथ बंटाना चाहिए। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में विद्यायल के सभी व्याख्याता, प्रधान पाठक एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। जिनमें संकुल प्राचार्य नंदकुमार चौधरी, रमेश प्रजापति, पुष्पा पटेल, महेश पटेल, गायत्री सिन्हा, अनिता नायक, अमिता शुक्ला, दया राम पटेल, कृष्ण कुमार ठाकुर, नरेश बरिहा, सुलोचना पटेल, गिरजा साहू, उमाशंकर नायक, पवन पटेल, प्रेमलता पटेल, धरम वीर यादव, नीता जगत आदि मौजूद रहे।



### आदि कर्म योगी सेवा केंद्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना आदि कर्म योगी अभियान के तहत ग्राम पंचायत डुमरपाली में जिले के कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं जनपद पंचायत सीईओ बीएस मंडावी एवं जनपद सदस्य बलविंदर सिंह (सीटू सलूजा), सरपंच यमुना ठाकुर, सचिव राकेश कुमार साहू, सभी पंचगण और ग्राम वासियों की उपस्थिति में आदि कर्म योगी सेवा केंद्र का राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की फोटो में माल्यार्पण, पुष्प अर्पण करने के साथ फीता काटकर केंद्र का शुभारंभ किया। उल्लेखनीय है कि आदि कर्म योगी योजना का उद्देश्य सभी जनजातीय लोगों के जीवन में परिवर्तन लाना है और सरकारी योजनाओं में उनकी भागीदारी बढ़ाना है।

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील कोमाखान, जिला महासमुंद (छ.ग.)**

// ईश्तहार प्रकाशन //

रा.प्र.क. /ब-121/वर्ष 2024-25

ग्रामः- बकमा, प.ह.नं. 10 रा.नि.मं. कोमाखान

तहसील कोमाखान, जिला महासमुन्द (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदक नीरज कुमार पिता बोधन साहू जाति तेली निवासी बकमा तहसील कोमाखान जिला महासमुन्द के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि, उनके स्वयं का जन्म दिनांक 21.11.2006 को ग्राम बकमा तहसील कोमाखान जिला महासमुन्द में हुआ है। किन्तु आवेदक के माता-पिता अज्ञानता एवं कानून की सही जानकारी नहीं होने के कारण आवेदक के माता-पिता के द्वारा आवेदक की जन्म की सूचना नियत समय में ग्राम कोटवार एवं ग्राम पंचायत बकमा को नहीं दे पाये, जिसके कारण रजिस्ट्रार ग्राम पंचायत बकमा के द्वारा आवेदक का जन्म प्रमाण पत्र नहीं बनाया गया। अतः आवेदक के द्वारा अपने स्वंय के जन्म दिनांक 21.11.2006 घटना पंजीकृत किये जाने हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है, जिसमें आगामी पेशी दिनांक 25.09.2025 को नियत है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/उजर/दावा या आपत्ति हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 25.09.2025 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त का आक्षेप/उजर/दावा/आपत्ति अथवा आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 10.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की

मुहर

तहसीलदार
कोमाखान

# वन्य प्राणियों के साथ छेड़छाड़ करने वाले के विरुद्ध होगी कठोर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

चंडी माता मंदिर ट्रस्ट घुंचापाली बागबहरा एवं वन विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक रखी गई है। जिसमें मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष लाल चंद्र जैन, कार्यकारिणी अध्यक्ष नंद कुमार चंद्राकर,मंदिर के पुजारी टुकेश्वर प्रसाद तिवारी, एडवोकेट सिमरन सलूजा सहित अन्य पदाधिकारी सहित वन विभाग के उपवनमंडाधिकारी गोविंद सिंह, परिक्षेत्र अधिकारी लोकनाथ ध्रुव एवं वन विभाग के अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि मंदिर परिसर के आसपास किसी के द्वारा वन्यजीव भालू के साथ छेड़छाड़ करना व किसी प्रकार का खाद्य पदार्थ, पेय पदार्थ जैसे कोल्ड ड्रिंक पिलाते हुए पकड़ा जाता है तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी, जो भी इस तरह का कृत्य करते पाया जाएगा तो उसके विरुद्ध वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9,51 व 52 के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिसके लिए उसे 7 साल की जेल के साथ जुर्माने की सज़ा होगी। चंडी माता मदिर ट्रस्ट कमेटी द्वारा भी निर्णय लिया गया कि वन्य प्राणी भालू के साथ छेड़छाड़ करने वाले के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।



### निःशुल्क शारीरिक प्रशिक्षण के लिए 3 तक कर सकते है आवेदन

**महासमुंद।** भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए जिला रोजगार कार्यालय महासमुंद द्वारा निःशुल्क शारीरिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम 06 अक्टूबर 2025 से प्रारंभ किया जाएगा। महासमुंद जिले के वे आवेदक, जिन्होंने अग्निवीर की लिखित परीक्षा उत्तीर्ण की है और उक्त प्रशिक्षण का लाभ लेना चाहते हैं, वे 03 अक्टूबर 2025 तक जिला रोजगार कार्यालय महासमुंद में अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

तापमान

अधिकतम 31.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, शनिवार 20 सितंबर 2025



10 बानीगिरोला स्कूल में किया गया निःशुल्क साइकिल...





10 दाबपाली में हुआ राज्य स्तरीय डीजे डांस...






## मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने 60 वर्षीय महिला के पेट से निकाला 3 किलो का ट्यूमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मेडिकल कॉलेज महासमुंद के विशेषज्ञ चिकित्सकों और सर्जन की टीम ने शुक्रवार को एक 60 वर्षीय महिला के पेट से 3 किलो का ट्यूमर सफलता पूर्वक निकालते हुए महिला को पेट में भारीपन और लगातार दर्द की समस्या से छुटकारा दिलाया। चिकित्सकों ने इस विशाल ट्यूमर को सर्वाइकल फाइब्रॉएड बताया जिसे ऑपरेशन के दौरान सफलतापूर्वक निकाला गया।

बताया गया कि महिला लंबे समय से पेट में भारीपन और लगातार दर्द की समस्या से परेशान थी। जांच के दौरान गर्भाशय में बड़ा मास (फाइब्रॉएड) पाया गया। स्थिति और भी गंभीर तब हो गई जब चिकित्सकीय परीक्षणों से यह सामने आया कि मरीज को पहले से ही हृदय रोग की समस्या है, जिसमें ट्राइकसपिड रिगर्जिटेशन और मिट्रल रिगर्जिटेशन जैसी जटिल स्थितियां शामिल थीं।

### महिला को पेट में भारीपन और लगातार दर्द की समस्या से दिलाई छुटकारा

#### ऑपरेशन टीम

ऑपरेशन का नेतृत्व डॉ. नेहा ठाकुर, विभागाध्यक्ष, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग ने किया। उनकी टीम में डॉ. प्रतिमा कोशवारा, डॉ. महेंद्र धुआरे, डॉ. जूली, ओटी सिस्टर पूजा और तृप्ति सक्रिय रहीं। वहीं, एनेस्थेसिया टीम में डॉ. चंद्रपाल भगत और डॉ. विवेक शामिल रहे।



#### लाखों के खर्च और मर्ज से मिली मरीज को राहतः माहेश्वरी

अस्पताल अधीक्षक डॉ. बसंत माहेश्वरी ने सर्जरी पर टीम को सराहा साथ ही कहा कि सरकारी मेडिकल कॉलेज में इस तरह की उपलब्धि चिकित्सा जगत के लिए गर्व की बात है। निजी अस्पताल में मरीज को इस ऑपरेशन का लाखों का खर्च उठाना लेकिन, मेडिकल कॉलेज टीम द्वारा यह ऑपरेशन पूरी तरह निःशुल्क और अत्याधुनिक चिकित्सा पद्धति से करते हुए मरीज को दोहरी राहत दिलाई।

#### जल्द घर जाने की स्थिति में मरीज

सामान्य परिस्थितियों में इस प्रकार का ऑपरेशन करना अत्यंत जोखिमपूर्ण होता है। इसके बावजूद चिकित्सकों की टीम ने साहस और विशेषज्ञता का परिचय देते हुए हिस्टेरेक्टॉमी ऑपरेशन का निर्णय लिया और सफलता पाई। फिलहाल मरीज की स्थिति स्थिर है और वह स्वस्थ होकर जल्द ही घर जाने की स्थिति में है।

### सुविधा : नपाध्यक्ष व पीआईसी मेंबरों ने लॉन्च किया क्यूआर कोड

## पालिका को अब क्यूआर कोड के माध्यम से नागरिक अदा कर पाएंगे टैक्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- नगर विकास व लोगों को सुविधाएं उपलब्ध कराना हम सभी का दायित्व : निखिलकांत

नगर पालिका से संबंधित समस्त करों का भुगतान नागरिक अब ऑनलाइन पद्धति से कर सकेंगे। इससे टैक्स भुगतान में पारदर्शिता सहित नागरिकों का समय व परिश्रम की बचत होगी। शुक्रवार को पीआईसी की बैठक में ऑनलाइन टैक्स भुगतान हेतु नगर पालिका परिषद का क्यूआर कोड लॉन्च किया किया। नगरपालिका अध्यक्ष कक्ष में पीआईसी मेंबरों की बैठक अध्यक्ष निखिलकांत साहू की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें 17 प्रस्तावों पर चर्चा हुई। जिसे सर्व सम्मति से पारित किए गए।




बैठक का प्रमुख एजेंडा बस स्टैंड के लिए भूमि अधिग्रहण था। जिस पर सभी ने सर्वसम्मति से लभराखुर्द राजिम मोड के पास 5 एकड़ भूमि को बस स्टैंड के लिए उपयोगी बताया। जिस पर अध्यक्ष ने सहमति जताते हुए नपा को शीघ्र भूमि हस्तांतरित करने संबंधी प्रस्ताव बनाकर जिला प्रशासन को प्रेषित करने की बात कही। इस दौरान महासमुंद नगर पालिका को डिजिटल पालिका बनाने की दिशा में क्यूआर कोड जारी करने पर सभी पीआईसी मेंबरों ने नपाध्यक्ष के प्रति आभार जताया। अब सभी प्रकार का टैक्स ऑनलाइन जमा किए जा सकेंगे। ऑनलाइन भुगतान सेवा शुरू करने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष साहू काफी समय से प्रयासरत थे। उन्होंने अपनी चुनावी घोषणा पत्र में भी टैक्स भुगतान को ऑनलाइन सिस्टम से जोड़ने की बात कही थी। जिसके तहत आज उक्त सुविधा शुरू की गई।

#### इनकी रही मौजूदगी

बैठक में पालिका अध्यक्ष साहू सहित नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, सभापति गण सूरज नायक, गुलशन साहू, ज्योति रिंकू चंद्राकर, ईश्वरी भोई, जय देवांगन, जितेंद्र देव नारायण ध्रुव, सीएमओ अशोक सलामे, विभाग प्रभारी गण करण यादव, दिलीप कश्यप, दिलीप चंद्राकर, गुमान ध्रुव, सीताराम तेलक, दुर्गेश कुंजेकर, नरेश ध्रुव, यशवंत ठाकुर, नौशाद बख्श आदि उपस्थित थे।

#### हम सभी का एक ही प्रयास होना चाहिए और वह है शहर का विकासः नपाध्यक्ष

बैठक के दौरान प्रेसिंडेंट इन काउंसिल के सभाध्यक्ष साहू ने कहा कि हम सभी का एक ही प्रयास होना चाहिए और वह है शहर का विकास। शहर के नागरिकों को हर जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। विकास की दिशा में हमारा शहर अब तेजी से आगे बढ़ रहा है। भविष्य में होने वाले अनेक विकास कार्यों के लिए कार्य योजना बनाकर हमने रख लिया है। जिसे आप सभी के सहयोग से पूरा कर नागरिकों के भरोसे पर खरा उतरना है। बैठक में प्रमुख रूप से 17 एजेंडों पर चर्चा हुई और प्रस्ताव भी पारित किए गए। जिसमें मुख्यतः बस स्टैंड के लिए भूमि अधिग्रहण, दशहरा उत्सव की तैयारी, दुकानों के नामांतरण, 15 वित्त मद से वार्ड क्रमांक 15 में मेहता ज्वेलर्स से महामाया मंदिर तक आरसीसी नाली निर्माण, नगर पालिका के नियमित अधिकारी कर्मचारी के वेतन जिला कोषालय से भुगतान करने, जाति एवं निवास प्रमाण पत्रों से संबंधित आवेदनों का निराकरण, भवन, भूमि नामांतरण के आवेदनों का निराकरण, वार्ड क्रमांक 28 स्थित पालनाघर हेतु कार्यकर्ता, सहायिका पद के लिए प्राप्त चयन सूची का अनुमोदन, अवैध नल कनेक्शनों पर कार्रवाई, नगर के विभिन्न वार्डों के जर्जर सड़कों की मरम्मत, दीपावली पर्व के मद्देनजर अस्थाई फ़टाका दुकान आबंटन प्रक्रिया सहित कुल 17 प्रस्तावों पर चर्चा कर निर्णय लिया गया।

## औद्योगिक इकाइयों की हुई जांच अनियमितताओं पर नोटिस जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बिरकोनी क्षेत्र में स्थित औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण करने पहुंची अफसरों की टीम जब शुक्रवार को निरीक्षण के दौरान रातुसरिया उद्योग प्रा.लि. बिरकोनी पहुंची, तो फैक्ट्री बंद पाई गई। इस दौरान गेट पर मौजूद गार्ड द्वारा निरीक्षण दल को अंदर प्रवेश नहीं दिए जाने पर प्रबंधन के विरुद्ध शासकीय कार्य में बाधा का प्रकरण दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर गठित संयुक्त टीम में सहायक संचालक दिशा शुक्ला, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा बलौदाबाजार, प्रबंधक शशिकांत सिंह जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र महासमुंद, श्रम पदाधिकारी डीएन पात्र, जिला परिवहन अधिकारी राम कुमार ध्रुव, निरीक्षक विधिक माप विज्ञान विभाग सिद्धार्थ दुबे एवं एचके चौधरी पर्यावरण विभाग उपस्थित रहे।

इसके पश्चात टीम ने पॉली कर्व कंटेनर बिरकोनी का निरीक्षण किया। जांच के दौरान विभागों द्वारा औद्योगिक संस्थान में अनियमितता पाई गई। जिसमें विधिक माप विज्ञान विभाग द्वारा तौल उपकरणों के सत्यापन संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर जिस पर नोटिस जारी किया गया। पर्यावरण विभाग ने आवश्यक लाइसेंस प्रस्तुत नहीं किए जाने पर, प्रबंधन को शीघ्र लाइसेंस प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। श्रम विभाग द्वारा न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948, समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976, वेतन भुगतान अधिनियम 1936 एवं संविदा श्रमिक अधिनियम 1970 के तहत जांच में गंभीर उल्लंघन पाए गए। संस्था द्वारा ठेकेदार का लाइसेंस एवं ओवरटाइम संबंधी रिकॉर्ड प्रस्तुत नहीं किया गया। औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग द्वारा निरीक्षण में कारखाना प्रबंधन द्वारा फैक्ट्री लाइसेंस प्रस्तुत नहीं किया गया तथा श्रमिकों को बिना सुरक्षा उपकरण के कार्य में लगाया जाना पाया गया। इन सभी उल्लंघनों पर संबंधित विभागों द्वारा फैक्ट्री प्रबंधन को नोटिस जारी किया जा रहा है।

### खबर संक्षेप

#### परसाडीह में क्रिकेट प्रतियोगिता आज से

**महासमुंद।** ग्राम परसाडीह (तुमगांव) में जेएमके स्टार इलेवन क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत्वाधान में ग्राम स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 20 सितंबर शनिवार से किया गया है। स्पर्धा में प्रथम पुरस्कार 10001 रुपए, द्वितीय 7001 रुपए एवं तृतीय 5001 रुपए व शील्ड प्रदाय किया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी खेमराज ध्रुव, योगेश ध्रुव एवं गजेंद्र ध्रुव ने संयुक्त रूप से दी है।

#### गाय को दूसरी जगह बांधने कहा तो कर दी मारपीट

**महासमुंद।** गाय को दूसरी जगह बांधने के लिए कहने पर एक व्यक्ति ने अपने छोटे भाई से मारपीट कर दी। मामला बसना थाना क्षेत्र के ग्राम जातापारा का है। बसना पुलिस को प्रार्थिया सफेद बाई ग्राम जातापारा ने बताया कि 18 सितंबर की सुबह लगभग 8 बजे अपने पति जयराम पटेल के साथ घर पर थी, हम लोग अपनी घर बाड़ी में टॉयलेट रूम बना रहे हैं। बाड़ी में उसके जेठ संतराम पटेल ने अपनी गाय को बांधा है, जिसकी रस्सी काफी थी, जो निर्माणाधीन टॉयलेट रूम के लिए खोदे गए गड्ढे के पास बार-बार आ रही थी। गड्ढे में गिरकर धंस जाने की आशंका से उसके पति जयराम पटेल ने जेठ संतराम पटेल को गाय को दूसरे जगह बांधने कहा, लेकिन जेठ ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए गाय को नहीं हटाउंगा कहते हुए अपने हाथ में रखे लकड़ी के डंडे से जयराम पटेल से मारपीट करने लगा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

#### मारपीट, अलग-अलग मामलों में रिपोर्ट दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम मुनगाडीह में दो पक्षों के बीच हुए मारपीट के मामले में बसना थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पहले पक्ष की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने बताया प्रार्थी नरेश कुमार लहरे पिता दुजराम लहरे मुनगाडीह ने एफआईआर कराया है कि वह 17 सितंबर के करीबन 7.30 बजे रात को काम करआते समय उपरापारा गली के पास कुत्ते को बांध कर रखने के लिए कहने पर आरोपी बेगम यादव, राजेश यादव, समारू यादव द्वारा गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट किया गया। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। वहीं दूसरे पक्ष की सहनमोती यादव पिता समारू यादव की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने बताया कि कुत्ते को बांधने की बात को लेकर गांव के नरेश लहरे, सीताराम ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए उसके मारपीट की। मामले में रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

#### चाकू लेकर घूम रहे युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** पिथौरा पुलिस ने चाकू लेकर घूम रहे एक युवक पर कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिलने के बाद शहीद भगत सिंह खेल मैदान पहुंचकर एक युवक को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम कमलेश चौहान पिता रामधारी चौहान (25 साल) निवासी ग्राम कौहाकुडा थाना पिथौरा होना बताया। युवक से अवैध रूप से गुप्तीनुमा धारदार चाकू रखने के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपी ने अपने कमर के पीछे छुपाकर रखे एक स्टील का गुप्तीनुमा धारदार चाकू म्यान सहित पेश किया। मामले में चाकू को जब्त कर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### कांपा के आश्रित ग्राम परसवानी को अधिक्रमण मुक्त करने की मांग

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत कांपा के आश्रित ग्राम परसवानी में शासकीय जमीन को अधिक्रमण कर बाड़ी, खलिहान, खेत बनाया गया हैं। ग्राम परसवानी के साहू भवन में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में ग्रामीणों की शिकायत पर निराकरण के लिए अतिक्रमण मुक्त करने की मांग की गई, ताकि शासकीय जमीनों का उपयोग बेहतर तरीके से हो सके। जिसकी अध्यक्षता सरपंच विकास चंद्राकर द्वारा किया गया। उपस्थित ग्राम सभा के सदस्यों द्वारा विचार कर निर्णय लिया गया। चर्चा में बताया गया कि शासकीय भूमि पर बाड़ी, खलिहान, खेत व बाउंड्रीवाल बनाकर अवैध कब्जा किया गया है। जिसको मुक्त कराने के लिए ग्राम पंचायत कांपा में ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित किया हैं। ग्राम सभा में ग्रामीणों एवं पंचायत समिति के सदस्यों ने इस बढ़ते अधिक्रमण को हटाने की मांग की हैं। ग्रामीणों ने बताया कि शासकीय जमीन का अतिक्रमण मुक्त से जरुरी सुविधा मिल सकेगी, जिसकी शिकायत नायब तहसीलदार और उप तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कर की गई हैं। सरपंच विकास चंद्राकर के नेतृत्व में खेल मैदान व श्मशान घाट को अधिक्रमण मुक्त कराया था। विगत माह में राजस्व विभाग में तीन साल से चल रहे प्रकरण का निराकरण हुआ था। विज्ञप्ति में सरपंच ने बताया कि राजस्व विभाग से अतिशीघ्र कार्रवाई की माँग की है।

## एशिया कपः भारतीय बास्केटबॉल टीम पहुंची फाइनल में

**महासमुंद।** फीबा अंडर 16 वूमेंस एशिया कप 2025 का आयोजन मलेशिया में 13 से 19 सितंबर 2025 तक आयोजित किया गया है, जिसमें भारतीय अंडर 16 महिला बास्केटबॉल टीम में छत्तीसगढ़ से महासमुंद जिले की दिव्या रंगारी पिता विनोद रंगारी शामिल है। इसके अलावा भारतीय टीम में तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना के खिलाड़ी शामिल हैं। एशिया कप में इंडिया टीम ने शानदार खेल खेलते हुए पहले मैच में ईरान को हराया, दूसरे मैच में इंडिया ने उज़्बेकिस्तान को हराया, तीसरे मैच में इंडिया ने समोआ को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पहला सेमीफाइनल मैच इंडिया विरुद्ध इंडोनेशिया के मध्य खेला गया। जिसमें पहले क्वार्टर में दोनों टीम का स्कोर 11-11 से बराबर रहा, दूसरे



क्वार्टर में दोनों टीम का स्कोर 24-24 रहा, तीसरे क्वार्टर में इंडिया ने 44- 40 अंकों से बढ़त बनाया। अंतिम क्वार्टर में टीम इंडिया ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन करने के साथ बढ़त बनाए रखा। अंतिम समय तक इंडिया ने 65-53 के स्कोर से मैच जीता एवं फ़ाइनल में प्रवेश किया। एशिया कप में लगातार 4 मैच जीतकर भारतीय टीम फाइनल में पहुंची। मैच में विहा रेड्डी, नेथरा, रेवा अमित कुलकर्णी, वैष्णवी प्रशांत परदेशी, महक शर्मा ने शानदार खेल जारी रखा। इंडिया टीम ने बेहतर प्रदर्शन किया और टीम को लगातार 4 मैच जीतकर फाइनल तक पहुंचाया। प्रदेश व जिले में खुशी की लहर देखी जा रही है। भारतीय टीम में छत्तीसगढ़ से दिव्या रंगारी, कर्नाटक से श्रवानी शिवन्ना, महक शर्मा एवं अदिति, तेलंगाना से विहा रेड्डी एवं नेथरा, केरला से एद्दिना मरियम जॉनसन, तमिलनाडु से एंजलीना अरुण जॉर्ज एवं सुमिथरा देवी कालीमुथु, महाराष्ट्र से रेवा कुलकर्णी एवं वैष्णवी प्रशांत परदेशी, गुजरात से दिनल वित्थानी शामिल है। भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन कर लगातार मैच जीतकर इतिहास रच दिया है।

### शराब जब्ती के अनेक मामलों में आरोपियों के खिलाफ की गई कार्रवाई

**महासमुंद।** जिले के अलग-अलग थानों में शराब जब्ती के मामलों में आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की गई है। सरायपाली पुलिस ने बताया कि 17 सितंबर को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीपी 1560 में अवैध रूप से शराब लेकर ग्राम पलसापाली की ओर से सरायपाली की ओर आ रहा है। इस सूचना के बाद उक्त आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम कमलेश बेहरा पिता राजेंद्र बेहरा (40 साल) ग्राम पलसापाली(केदुंवा) थाना सरायपाली जिला महासमुंद बताया। आरोपी के कब्जे करीबन 04 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 800 रुपए को जब्त किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। सांकरा पुलिस ने बताया कि 19 सितंबर को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति मोटर सायकल से सांकरा से झगरेनडीह रोड में सांकरा की ओर अवैध शराब परिवहन कर रहा है। इसके बाद सांकरा से झगरेनडीह रोड पर बिजेमाल चौक के पास आरोपी हरिकुमार खुंटे पिता मंगलू राम खुंटे (42 साल) रामपुर थाना बसना जिला महासमुंद के कब्जे से 30 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 6000 रुपए को जब्त किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### ऑपरेशन निश्चय चलाकर 51 व्यक्तियों के विरूद्ध की गई कार्रवाई

**महासमुंद।** जिला पुलिस द्वारा 38 टीमों के माध्यम से 109 स्थानों पर दबिश देते हुए 51 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। बता दें पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज द्वारा कि ₹ऑपरेशन निश्चय₹ के तहत ऐसे छोटे पैडलर्स, जो गली मोहल्लों और छोटी दुकानों के माध्यम से नशे का व्यापार करते हैं तथा अवैध शराब, अवैध मादक पदार्थ गांजा, नशीली दवाइयों के बिक्री एवं निर्माण तथा संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे जिसके परिपालन में जिला पुलिस द्वारा टीम गठित कर उक्त कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने बताया कि 19 सितंबर को पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर के द्वारा जिसमें नारकोटिक एक्ट के मामले में कुल 11 प्रकरणों में 12 व्यक्तियों गिरफ्तार किया गया। साथ ही 25.650 किग्रा अवैध गांजा एवं कैप्पसूल ट्रामाडोल- टेबलेट- 24 नग जब्त किया गया। इसी प्रकार आबकारी एक्ट के मामले में कुल 28 प्रकरणों में 28 व्यक्तियों से 280 लीटर शराब जब्त किया गया। वहीं 11 संदेही व्यक्तियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। इसी तरह गिरफ्तारी वारंट 10 एवं स्थायी वारंट 10 कुल 20 वारंटी तामिल किया गया।



### कोविड प्रबंधन का बेहतर उदाहरण भारत ने प्रस्तुत किया

## दुनिया आत्मनिर्भर भारत का कर रहा दर्शनः सुनील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर आयोजित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में प्रबुद्धजन वर्ग संवाद का जिला स्तरीय कार्यक्रम स्थानीय स्वाध्याय केंद्र में हुआ। इस अवसर पर पूर्व सांसद व वर्तमान विधायक सुनील सोनी, जिला भाजपाध्यक्ष येतराम साहू, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर उपस्थित रहे। इस दौरान सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के जिला संयोजक वरिष्ठ भाजपा नेता राहुल चंद्राकर, कार्यक्रम संयोजक सतपाल सिंह पाली के संयोजन में कार्यक्रम का सुचारू रूप से संचालन हुआ।

मुख्य वक्ता विधायक सुनील सोनी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत ने हर क्षेत्र में अभूतपूर्व सफलताएं हासिल की हैं। अर्थव्यवस्था, विरासत, इंफ्रास्ट्रक्चर, निवेश, नियुक्तियां, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि विकास, जल संसाधन जैसे तमाम क्षेत्रों में नए प्रतिमान स्थापित हुए हैं। उन्होंने कहा कि गांव, गरीब, किसान, नौजवान, महिलाएं, दलित और वंचित समाज को प्राथमिकता देने की वजह से हर नागरिक के जीवन में व्यापक परिवर्तन आया है। यही वजह है कि बीते 11 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठ पाए हैं। जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि विरासत का सम्मान आज केवल घोषणा नहीं, बल्कि हकीकत है। अयोध्या में 500 वर्षों के बाद रामलला का भव्य मंदिर बना। काशी विश्वनाथ धाम का पुनर्निर्माण वैश्विक जगत को आकर्षित कर रहा है। केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम का कायाकल्प हुआ है। महाकाल लोक का निर्माण और अन्य धार्मिक स्थलों का सौंदर्यीकरण नए भारत की पहचान बन चुके हैं।



उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर, संत रविदास, महर्षि वाल्मीकि जैसे महापुरुषों की स्मृतियों से जुड़े अनेक रचनात्मक कार्य किए गए हैं, जो सामाजिक न्याय और सामाजिक उत्थान की दिशा में मील का पत्थर साबित हुए हैं। पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर ने कहा कि सेवा पखवाड़ा का पहला चरण ₹स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार₹ अभियान है। इसके अंतर्गत महिलाओं की स्वास्थ्य जांच, पोषण संबंधी कार्यक्रम और जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इस अवसर पर संदीप दीवान, एम आर विश्वनाथन, देवीचंद राठी, प्रलय थिटे, सुधा साहू, अग्रज शर्मा, स्मिता चंद्राकर, मीना वर्मा, डिम्पल ध्रुव, मुन्ना साहू, ऋषभ बाफना, कल्पना सूर्यवंशी, हिमांशु चंद्राकर, माखन पटेल, भरत चंद्राकर देवेंद्रकुमार दुबे, अश्वन्त तुषार साहू, चंद्रशेखर सिंह गौर, मन्नूलाल साहू, आनंद साहू, पांडुरंग मदनकार, महेश मक्कड़, खेलूराम चंद्राकर, बदरीनारायण माहेश्वरी, चन्द्रबदन मिश्रा, अशोक गिरी गोस्वामी, रणजीत साहू, कुबेर गिरी गोस्वामी, एसडी लांचक, कुंजराम साहू, नरेश कुमार साहू, तिलक चंद साहू, लालविजय सिंह देव, कृपाराम पटेल, धरम पटेल, नीलमणि बारीक़, पीताम्बर प्रधान, इंदल साव, छेर कुंजल, रामेन्द्र गिरी, भगवती मानिकपुरी, चंद्रशेखर सोनी, राकेश श्रीवास्तव, उषा पाल, मधु यादव, यशोदा साहू, चुनेश्वरी साहू, हुलसी चंद्राकर, उत्तरा प्रहरे, प्रवीण साहू, जतिन रूपरेला, आयुष दुबे, पियूष साहू, लोकनाथ सूर्यावंशी, मनीष साहू, खुशाल ठाकुर, आकाश पांडेय, सोनाधर सोनवानी, पप्पू ठाकुर, कृष्ण कुमार साहू, श्याम सकारकर, पंकज चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

## हाईस्कूल के रास गरबा में भारतीय परिधान में ही मिलेगा प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नवरात्री के अवसर पर स्थानीय हाईस्कूल मैदान में होने वाली रास गरबा महोत्सव में इस बार सख्त नियमों के साथ प्रवेश मिलेगा। गरबा करने वालों को भारतीय परिधानों में यहां पहुंचना होगा। वहीं पाश्चात्य संस्कृति के परिधान में प्रवेश वर्जित होगा और युवा और युवतियों के अलग-अलग घेरा बनेंगे। इसी तारतम्य में स्थानीय स्वाध्याय भवन में सर्व हिंदू समाज एवं विश्व हिंदू परिषद, दुर्गा वाहिनी की बैठक हुई। जिसमें सिटी स्पोर्ट्स क्लब रास गरबा उत्सव समिति के सदस्यों को भी आमंत्रित किया गया। सर्वसम्मति से नवरात्र पर्व पर रास गरबा उत्सव आयोजित करने का निर्णय लिया। यह रास गरबा उत्सव स्थानीय हाई स्कूल मैदान में 24 सितंबर से 01 अक्टूबर तक प्रतिदिन सायंकाल 7 बजे से 10 बजे तक निःशुल्क आयोजित किया जाएगा। जिसमें तिलक लगाकर तथा भारतीय सांस्कृतिक वेशभूषा में ही प्रवेश दिया जाएगा।

जैसे लड़कों के लिए- कुर्ता-पैजामा या पेंट शर्ट एवं लड़कियों के लिए गरबा परिधान या सलवार सूट या साड़ी (जिन्स-टॉप में प्रवेश वर्जित) में प्रवेश दिया जाएगा। लड़कों व लड़कियों के लिए अलग अलग घेरा बनाया जाएगा। इसमें गैर हिंदुओं का प्रवेश पूर्णतः वर्जित रहेगा। बैठक के पूर्व हाईस्कूल मैदान पर विधिवत पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की तैयारी शुरू कर दी गई। बैठक में संरक्षण समिति तथा कार्यकारी समिति का गठन किया है। बैठक में सर्व हिंदू समाज, विश्व हिंदू परिषद, मातृ शक्ति, दुर्गा वाहिनी के बहनों सिटी स्पोर्ट क्लब रास गरबा उत्सव समिति के सदस्यगण, नगर के व्यवसायी एवं युवा उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### खट्टी स्कूल के बच्चों को कराया नेवता भोज

**नर्रा।** शासकीय प्राथमिक शाला खट्टी में छग प्रदेश सरकार के महती योजना में नेवता भोज का आयोजन किया गया। इसके तहत ग्राम खट्टी निवासी बालाराम साहू के स्मृति में वहां के छात्र छात्राओं को नेवता भोज में दाल, चावल, सब्जी, खीर, पूड़ी परोसा गया।

### क्षेत्र में क्वांर नवरात्र की तैयारी जोरों पर

**नर्रा।** शारदीय क्वांर नवरात्र पर्व को लेकर अंचल के गांवों में सार्वजानिक नवदुर्गा उत्सव समिति तथा पंडालों में समितियों द्वारा रंग मंच चबूतरा की साफ-सफाई, रंग पोताई व पंडाल बनाने की तैयारी की जा रही है। इसी तरह ग्राम पंडरीपानी के पर्रापाठ पहाड़ी पर निर्माणाधीन वैष्णो देवी मंदिर परिसर में नवरात्र पर्व मनाने समिति के लोग इसकी तैयारी जोरों पर चल रही है।



### बलौदा हायर सेकंडरी स्कूल में निःशुल्क सायकल वितरण

**सरायपाली।** हायर सेकंडरी स्कूल बलौदा में निःशुल्क सरस्वती सायकल वितरण योजना का कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्या कुमारी भास्कर, विशिष्ट अथिति शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्षा शारदा तिवारी तथा सांसद प्रतिनिधि नीलांबर तांडी, जनपद सदस्य पदमिनी भोई, उपसरपंच सरोज सेठ, विकासखंड शिक्षाधिकारी प्रकाश चंद्र मांझी, सदस्य उपेन्द्र साहू, धनेश्वर भास्कर, सुरेश नाग, अध्यक्षता प्राचार्य अभिमन्यु षढ़ंगी तथा व्याख्याता मनोज कुमार भोई, सुर्यकांत बारिक, नृपति लाल पटेल, मनोज कुमार साहू, धर्मेंद्र साहू आदि रहे।

### मुख्य परीक्षा का अंकसूची का वितरण शुरू

**महासमुंद।** समन्वय केंद्र स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल द्वितीय मुख्य परीक्षा 2025 की अंकसूची का वितरण 12 सितंबर से किया जा रहा है। संबंधित संस्था के शिक्षक समन्वय केंद्र से अपनी संस्था की अंकसूची प्राप्त कर सकते हैं।



### पार्षदों ने की तालाब की साफ सफाई

**महासमुंद।** रजत जयंती पर स्वच्छता सप्ताह 19 सितंबर से 26 नवंबर तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसके तहत महामाया तालाब की सफाई नगर पालिका परिषद के उपध्याक्ष देवीचंद राठी, वार्ड क्रमांक 26 के पार्षद पीयूष अमृत साहू, वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद ईश्वर भोई द्वारा श्रमदान किया गया।

### फिल्टर प्लांट में हुई विश्वकर्मा पूजा

**महासमुंद।** नगर पालिका परिषद के बेलसोंडा स्थित फिल्टर प्लांट में विश्वकर्मा जयंती मनाई गई। जिसमें नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, वार्ड नंबर 26 पार्षद पीयूष साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक सलामे शामिल होकर भगवान विश्वकर्मा की पूजा आरती की। इस अवसर पर राठी ने कहा कि विश्वकर्मा भगवान ज्ञान विज्ञान और शिल्पकला के प्रवर्तक माने जाते है। सुई निर्माण से लेकर बड़े बड़े कारखाने, रचनात्मक कार्यो में शिल्पकार की आवश्यकता होती है। शिल्पकार की भूमिका हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण है।

# कन्या आश्रम खोकसा की अधीक्षिका पर गंभीर आरोप, डीईओ से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

जिले के कन्या आश्रम खोकसा की अधीक्षिका गीता पटेल पर गंभीर आरोप लगे हैं। पालकों ने जिला शिक्षा अधिकारी को लिखित शिकायत सौंपकर कहा है कि अधीक्षिका आश्रम में रह रही बच्चियों के साथ लगातार दुर्व्यवहार कर रही हैं।

शिकायत में पालकों ने आरोप लगाया है कि अधीक्षिका रात 11–12 बजे तक बच्चियों को जगाकर अपने शरीर की मालिश करवाती हैं। बिजली गुल होने पर पंखा झलवाती हैं, और ठीक से काम न करने पर मारपीट करती हैं। कई बार पिटाई से बच्चों की तबीयत बिगड़ चुकी है। एक बच्ची को तेज बुखार तो दूसरी को कान की तकलीफ हो चुकी है, लेकिन इलाज की कोई व्यवस्था नहीं कराई गई। इसके अलावा आरोप है कि बच्चों को बहुत कम और घटिया खाना दिया जाता है। खराब सब्जी परोसी जाती है, टूटे-फूटे बेड पर सोने को मजबूर किया जाता है, और बच्चों से गाली-गलौज की जाती है। बच्चों ने बताया कि अधीक्षिका उन्हें अश्लील वीडियो दिखाती है और अनुचित गतिविधियों के लिए उकसाती है। पालकों का कहना है कि बच्चों को आवश्यक वस्तुएं जैसे थाली, कंबल, साबुन-तेल तक घर से लाना पड़ता है। अधीक्षिका अच्छी क्वालिटी का चावल अपने वाहन में भरकर ले जाती हैं और बच्चों को गंदा चावल खिलाया जाता है।



### अधीक्षिका ने आरोपों को नकारा

इस संबंध में जब अधीक्षिका गीता पटेल से संपर्क किया गया तो उन्होंने आरोपों को सिरे से नकारते हुए कहा कि "बच्चों ने जो आरोप लगाए हैं, वे उनके पालकों द्वारा सिखाए गए हैं। मेरे पास गार्ड और रसोइया हैं, जिनसे काम करवाती हूं। बच्चों से ऐसे कार्य नहीं कराए जाते। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि मच्छरदानियां आश्रम में आई तो हैं, लेकिन अभी तक बांटी नहीं गई हैं। इस मामले को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी तक पालकों ने शिकायत पहुंचाई है। वहीं, जब इस विषय पर महासमुंद कलेक्टर विनय कुमार लहंगे से चर्चा की गई, जिस पर उन्होंने कहा यह गंभीर मामला है इसका तुरंत जांच कर कार्रवाई किया जाएगा। पालकों ने चेतावनी दी है कि यदि अधीक्षिका के खिलाफ जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो वे मजबूरन अपने बच्चों को आश्रम से निकाल लेंगे।

**आयोजन:** विश्वकर्मा पूजा कार्यक्रम में शामिल हुए क्षेत्रीय विधायक द्वारिकाधीश यादव

# दावनबोड़ में श्रद्धा, आस्था और सामाजिक एकता के साथ हुई विश्वकर्मा पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के दावनबोड़ में भगवान विश्वकर्मा जयंती पूजा का आयोजन अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ हुआ। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव एवं खल्लारी विधानसभा के वर्तमान विधायक द्वारिकाधीश यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं बागबाहरा जनपद पंचायत अध्यक्ष केशव नायक रामचंद्राकर ने की।

जैसे ही अतिथियों का काफिला दावनबोड़ पहुंचा, आयोजन समिति के सदस्यों और ग्रामवासियों ने गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और पुष्पहारों के साथ उनका स्वागत किया। पारंपरिक रीति-रिवाजों से सम्मानित कर उन्हें पूजन स्थल तक ले जाया गया। तत्पश्चात विधायक द्वारिकाधीश यादव एवं जनपद अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की और समाज की सुख-समृद्धि तथा जनकल्याण की मंगलकामना की।



इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृष्टि के प्रथम शिल्पकार और देवताओं के महान वास्तुकार रहे हैं। उन्होंने अपने ज्ञान, कौशल और परिश्रम से विश्व का निर्माण किया। विश्वकर्मा जयंती केवल धार्मिक अनुष्ठान भर नहीं है, बल्कि यह हम सबको कर्मठता, नवाचार और सृजनशीलता की प्रेरणा देती है। आज जब समाज तकनीकी और औद्योगिक प्रगति की ओर बढ़ रहा है, तब हमें भगवान विश्वकर्मा के आदर्शों को आत्मसात कर अपने श्रम और कौशल के माध्यम से प्रदेश और राष्ट्र की उन्नति में योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति मेहनत, लगन और सामूहिकता पर आधारित है। यही हमारी ताकत है। हमें इस परंपरा को आगे बढ़ाना है और नई पीढ़ी को भी इसी दिशा में प्रेरित करना है। इस प्रकार के आयोजन समाज को एकजुट करते हैं और धार्मिक-सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत बनाते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनपद अध्यक्ष एवं प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर ने अपने उद्बोधन के दौरान उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान विश्वकर्मा प्रत्येक कारीगर, मजदूर, इंजीनियर और तकनीकी कार्य करने वाले व्यक्ति के प्रेरणास्रोत हैं। उनकी जयंती पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने कौशल और परिश्रम का उपयोग समाज की भलाई और प्रगति के लिए करेंगे। चंद्राकर ने कहा कि दावनबोड़ जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन न केवल आस्था का केंद्र बनते हैं बल्कि समाज को एकता और सकारात्मक दिशा भी प्रदान करते हैं। इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय में गहरी आस्था और उल्लास का भाव देखा गया। महिलाओं, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन केवल पूजा-अर्चना तक सीमित नहीं रहते, बल्कि वे सामाजिक एकता, भाईचारे और सहयोग की भावना को भी मजबूत करते हैं। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा, उत्साह और सामूहिकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। आयोजन समिति और ग्रामवासियों के सहयोग से कार्यक्रम हुआ।

# हमारी सरकार हर वो कार्य कर रही है जिससे बेटियों का भविष्य मजबूत होः उषा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

सुखीपाली में आयोजित निःशुल्क साइकिल वितरण समारोह हुआ। मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष उषा पुरूषोत्तम धृतलहरे, कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत उपाध्यक्ष ब्रम्हानंद पटेल ने की। विशिष्ट अतिथि युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी, जनपद सदस्य पुरर्षोत्तम घृतलहरे, कवलजीत पम्मी छाबड़ा, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विजय नायक, सरपंच सुरुति बुडेक, टीकेलाल पटेल, उपसरपंच भोगीलाल पटेल, शाला विकास समिति के अध्यक्ष प्रेमशंकर प्रधान, सोसायटी अध्यक्ष कन्हैया प्रधान, रक्षपाल विशाल, सुदर्शन मुन्ना, गोविंद पटेल, पदुम साहू रहे।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष उषा ने कि हमारी सरकार हर वो प्रायस कर रही है, जिससे बेटियों का भविष्य मजबूत हो। मोबाइल के कारण आज की पीढ़ी बहुत भ्रमित हो रही है, इसलिये हमें किताबों से दोस्ती करनी चाहिए और पूरा फोकस पढ़ाई में होना चाहिए। जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद ने कहा कि आप सब बच्चे देश का भविष्य है। शिक्षा के बिना सबकुछ अधूरा है। आप सब पूरी तन्मयता के साथ शिक्षा ग्रहण करें। विशेष अतिथि स्वप्निल ने कहा कि हमारी सरकार बेटियों की शिक्षा को मजबूत करने में विशेष प्रयास कर रही है। सरस्वती साइकिल के माध्यम से बेटियों से शिक्षा के बीच की दूरी को कम करने का कार्य कर रही है। सफल जीवन के लिए शिक्षा का होना बहुत आवश्यक है। शिक्षा से आप सबके भविष्य का निर्माण होता है। कार्यक्रम का स्वागत भाषण प्राचार्य आरके पुरोहित ने किया।

# मुड़पार में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**नर्रा।** छग शासन आदिम जाति एवं अनुसूचित विकास विभाग के आदेशानुसार सेवा पर्व एवं आदि कर्मयोगी सेवा अभियान के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक चलाया जा रहा है। आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जिले में धरती-आबा अंतर्गत चयनित 308 ग्रामों में विभिन्न विभागों द्वारा शिविर लगाकर लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्वेश्य आदिवासी समुदाय के प्रत्येक पात्र व्यक्ति को शासन के सभी योजनाओं का लाभ दिलाना है। इसी कड़ी में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आई नागेश्वर राव, खंड चिकित्सा अधिकारी बागबाहरा डॉ बीएस बढ़ई, खंड विस्तार एवं प्रशिक्षण अधिकारी एम चौधरी के मार्गदर्शन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर नर्रा अंतर्गत ग्राम मुड़पार में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें गांव के व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। लक्षित आयु समूह का रक्तचाप, मधुमेह एवं कैंसर का जांच भी किया गया तथा गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं व किशोर किशोरियों एवं लक्ष्य दंपत्ति महिलाओं का हीमोग्लोबिन एवं सिकल सेल जांच किया गया। 06 वर्ष से 05 वर्ष के बच्चों को आयरन एवं फोलिक एसिड का सिरप वितरण किया गया। इसी तरह 09 माह से 05 वर्ष के बच्चों को विटामिन ऐ का घोल पिलाया गया। टीकाकरण के लिए पात्र बच्चों, किशोर किशोरियों एवं गर्भवती माताओं का टीकाकरण किया गया। इस शिविर में कुल 126 लोग लाभान्वित हुए।ग्रामीणों को स्वास्थ्य विभाग की समस्त कार्यक्रमों एवं योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सरपंच कौशल्या पटेल, सरपंच प्रतिनिधि नूतन पटेल, आरएचओ डिलेश्वरी परमार, डिगेंद्र परमार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मंगली ठाकुर, मितानिन गंगा ठाकुर, समारी ठाकुर, दशोदा दीवान, सेवती दीवान, बलदाऊ निहाल आदि मौजूद रहे।

# बुनियादी सुविधाएं हर गांव तक पहुंचाना मेरा कर्तव्य : चातुरी

## सूखाग्रस्त सिंघोड़ा क्षेत्र के 11 गांवों को मिला पानी टैंकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)

सूखाग्रस्त सिंघोड़ा क्षेत्र के 11 ग्राम पंचायतों को विधायक चातुरी नंद के प्रयासों से पानी टैंकर का वितरण किया गया। ग्राम सिंघोड़ा में सरायपाली विधानसभा क्षेत्र की विधायक चातुरी नंद के मुख्य आतिथ्य में पानी टैंकर वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर 11 ग्राम पंचायतों घाट कछार, राफेल, पतेरा पाली, मल्दामाल, रिमजी, रूढ़ा, लाती, पैकिन, पुटका, खरनियाबहाल एवं कलेंडा को पानी टैंकर उपलब्ध कराए गए। विधायक चातुरी नंद ने सरपंचों एवं उनके प्रतिनिधियों के पानी टैंकर प्राप्त किया।इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा "पानी, बिजली, सड़क और शिक्षा जैसी सुविधाएं हर गांव तक पहुंचाना मेरा कर्तव्य है। सिंघोड़ा क्षेत्र के 60 से अधिक गांव सुखाग्रस्त है, इन गांवों में 1000 फिट तक पानी नहीं आता है, गर्मी के दिनों में पेयजल की गंभीर समस्या सामने आती है। इसी समस्या के समाधान के लिए आज पानी टैंकर वितरण किया जा रहा है। इन टैंकरों से ग्रामीणों की वर्षों पुरानी समस्या का निराकरण होगा। विधायक



चातुरी नंद ने यह भी कहा "जब मुझे ग्रामीण अंचलों में पेयजल संकट की जानकारी मिली, तभी संकल्प लिया कि इसका स्थायी समाधान किया जाएगा। आज 11 ग्राम पंचायतों को पानी टैंकर सौंपकर मुझे संतोष है कि अब यहां की जनता को पीने के पानी की कमी से जूझना नहीं पड़ेगा। पानी जीवन का आधार है, और यदि समय पर पानी उपलब्ध होगा तो स्वास्थ्य, शिक्षा और विकास की योजनाएं भी मजबूती से आगे बढ़ेंगी। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि इन टैंकरों का जिम्मेदारी से उपयोग करें तथा जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन पर विशेष ध्यान दें, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी सुरक्षित रहें। उन्होंने यह भी कहा कि "आज का यह कार्यक्रम केवल टैंकर वितरण नहीं, बल्कि आपके प्रति मेरे वादे और विश्वास का प्रतीक है।" कार्यक्रम के दौरान विधायक चातुरी नंद ने सभी ग्रामवासियों को आश्वस्त किया कि क्षेत्र में विकास की रफ्तार निरंतर जारी रहेगी और भविष्य में अन्य मूलभूत सुविधाओं हेतु भी योजनाएं लागू की जाएंगी। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सिंघोड़ा के सरपंच रश्मि तन्मय पंडा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता विश्वनाथ नायक, आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहन लाल भोई, श्यामवनमाली पंडा, रामदयाल पटेल, विधायक प्रतिनिधि डॉ बिरांची बेताल, भरत मेश्राम मंचासिन रहें। कार्यक्रम में पतेरा पाली सरपंच प्रभात पटेल, बिहारी पटेल, चित्रसेन नायक, मनोरंजन भोई, भगत राम पटेल, हेतराम नायक, सुंदर चौहान, सरपंच प्रतिनिधि दुर्योधन चौहान, साधराम पटेल, मल्दामाल सरपंच वृंदावन पटेल, कैलास विशाल, सेंधु विशाल, कमलेश भोई, शांति दास, महादेव भोई, बस्टम भोई, नेत्रों मिरि, रामलाल नवरंग, अलेख भोई, शिवरात्र भोई सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### 15 लाख की लागत से बनने वाले सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन

विधायक चातुरी नंद ने ग्राम सिंघोड़ा में अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण मद से स्वीकृत 15 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। सीसी रोड निर्माण होने से ग्रामीणों को कीचड़युक्त सड़क से मुक्ति मिलेगी।






### विश्वकर्मा जयंती पर निःशुल्क सिलाई मशीन एवं ट्रायसाइकिल वितरण

**सरायपाली।** अग्र. शिरोमणि संस्था एवं अखिल भारतीय जैन तेरापंथ युवक परिषद द्वारा आयोजित विशेष कार्यक्रम में मरार पटेल समाज की बेटी हरिता पटेल का सम्मान किया गया। यह सम्मान न केवल उनका व्यक्तिगत गौरव है, बल्कि पूरे मरार पटेल समाज के मान-सम्मान को बढ़ाने वाला क्षण साबित हुआ। विश्वकर्मा जयंती, जो नवसृजन और नवनिर्माण का प्रतीक है, उसी पावन अवसर पर समाज सेवा की एक अनूठी पहल की गई। कार्यक्रम में 13 जरूरतमंद महिलाओं को निःशुल्क सिलाई मशीनें प्रदान की गईं, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें और अपने परिवार को आर्थिक मजबूती दे सकें। साथ ही दिव्यांग भाइयों-बहनों को ट्रायसाइकिल वितरण किया गया, ताकि उनके जीवन की राहें और सरल बन सकें। इस अवसर पर हरिता पटेल ने कहा कि हमारी छोटी-सी कोशिश से यदि किसी भाई-बहन को आत्मनिर्भर बनने की राह मिलती है, तो यही सच्चा समाजसेवा का संदेश है। इस आयोजन ने यह साबित किया कि समाज के सामूहिक प्रयास से जरूरतमंदों के जीवन में नई रोशनी लाई जा सकती है।






### महाविद्यालय में रसायन शास्त्र परिषद का गठन

**सरायपाली।** वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉक्टर संध्या भोई के निर्देशन एवं शब्या पटेल (विभाग अध्यक्ष रसायन शास्त्र) के मार्गदर्शन में रसायन शास्त्र परिषद का गठन किया गया। अध्यक्ष संगीता कैवर्त (एमएससी तृतीय सेमेस्टर), उपाध्यक्ष प्रतिज्ञा साहू (एमएससी प्रथम सेमेस्टर), सचिव आकांक्षा पुरोहित (एमएससी तृतीय सेमेस्टर), सहसचिव जमुना राणा (एमएससी प्रथम सेमेस्टर), कोषाध्यक्ष किशन यादव (एमएससी प्रथम सेमेस्टर), कार्यकारिणी सदस्य के रूप में बिंदिया प्रधान, महेश कुमार भोई (बीएससी प्रथम सेमेस्टर), राजेश्वरी साहू, रितेश प्रधान (बीएससी तृतीय सेमेस्टर), अमरदीप कुमार साव, जयंती तांडी (बीएससी तृतीय वर्ष), प्रियंका बारिक, अमृत बरिहा (एमएससी प्रथम सेमेस्टर), आंचल सांड, तुषार बढ़ाई (एमएससी तृतीय सेमेस्टर) मनोनीत हुए। शब्या ने परिषद गठन के उद्देश्य के बारे में बताया। प्राचार्य डॉक्टर संध्या द्वारा सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ दिलाई गई। महाविद्यालय के नियमों एवं विभाग द्वारा प्रदत्त सभी दायित्वों को सही ढंग से निर्वहन करने को कहा गया। इस अवसर पर अनिल गुप्ता, पी बाघ आदि मौजूद रहे।




